हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, रविवार, 23 मार्च 2025

12 गेहूं की लोडिंग-अनलोडिंग के लिए चौथी बार टेंडर लगाया...



12 स्वच्छता ही स्वस्थ और शांतिपूर्ण जीवन का मूल मंत्रः जयप्रकाश



## खबर संक्षेप

### क्रेसंट स्कूल में स्कॉलरशिप परीक्षा आज

**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए 11वीं कक्षा में प्रवेश हेतु छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन 23 मार्च रविवार को प्रातः 10 बजे किया जाएगा। इस परीक्षा का उद्देश्य मेधावी छात्रों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 21 हजार, द्वितीय स्थान पाने वाले विद्यार्थी को 15 हजार व तीसरे स्थान पर रहे विद्यार्थी को 11 हजार की छात्रवृति दी जाएगी।

### अग्निवीर के चयनित उम्मीदवार 24 को सेना भर्ती कार्यालय हिसार पहुंचे

**फतेहाबाद।** मुख्यालय भर्ती कार्यालय, अंबाला द्वारा आयोजित भर्ती रैली में भाग लेने वाले अग्निवीर जनरल ड्यूटी (महिला सेना पुलिस) श्रेणी के चयनित उम्मीदवारों की सूची गत 19 मार्च को वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी गई है। सेना भर्ती कार्यालय, हिसार के भर्ती निदेशक ने बताया कि चयनित उम्मीदवार 24 मार्च तक सुबह 10 बजे सेना भर्ती कार्यालय, हिसार में सभी मूल दस्तावेज के साथ पहुंचें। निर्धारित समय 10 बजे के बाद आने वाले उम्मीदवारों को गेट में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### प्रो. कृष्ण लाल बने एचजीसीटीए के प्रधान

**रतिया।** खालसा त्रिशताब्दी राजकीय महाविद्यालय में एचजीसीटीए की स्थानीय इकाई का गठन का किया गया। महाविद्यालय में प्रत्येक 3 वर्ष बाद एचजीसीटीए कार्यकारिणी का गठन किया जाता है तथा नवगठित कार्यकारिणी सदस्य राज्यस्तरीय कार्यकारिणी के गठन में अहम भूमिका निभाते हैं।

### 21.39 ग्राम हेरोइन सहित दो काबू

**डबवाली।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में गांव देसूजोधा से 15.37 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी महिला निवासी गांव देसूजोधा व गांव कालांवाली से 06.02 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी सतीश कुमार काबू किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि एसआई कुलबीर सिंह पुलिस के साथ गश्त पर थे। सुचना के आधार पर कार्रवाई की गइ।

## आईपीएल : कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच हुआ उद्घाटन मैच

# पुलिस से बचने के लिए हाइटेक हुए क्रिकेट बुकी लोंग ड्राइव के साथ फार्म हाउसों में चलेगा सट्टा

**फतेहाबाद में 50 एक्टिव क्रिकेट बुकी, दो माह में सैकड़ों परिवार होंगे बर्बाद, कई होंगे मालामाल**

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

खास खबर

शनिवार शाम से आईपीएल-2025 (इंडियन प्रीमियर लीग) शुरू हो गया। शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच उद्घाटन मैच खेला गया। आईपीएल का यह महासंग्राम 25 मई तक चलेगा। इन 65 दिनों में 74 मैच खेले जाएंगे। फटाफट क्रिकेट के इस महासंग्राम से पहले ही सट्टा बाजार की पिच पर हार-जीत की बाजीगरी शुरू हो गई है। फतेहाबाद में क्रिकेट बुकीज अपने साजों-सामान लेकर बाजार में कूद चुके हैं। फतेहाबाद में इस समय 50 से ज्यादा क्रिकेट बुकीज है, जिनसे यहां के सैकड़ों युवा करोड़ों रुपये का क्रिकेट सट्टा लगाते हैं। लगातार दो महीने चलने वाले आईपीएल में फतेहाबाद के अनेक युवा बर्बाद होंगे वहीं कई बुकीज मालामाल होंगे। ऐसा पहले भी आईपीएल में होता आ रहा है। यहां के सैंकड़ों परिवार क्रिकेट सट्टा से बर्बाद हो चुके हैं। आईपीएल शुरू होते ही इन परिवारों के बुजुर्गों की



आंखों की नींद व चेहरे से रौनक गायब हो जाती है। सट्टा खिलाने वाले शहर के बड़े बुकियों के एजेंट्स ने शहर के डीएसपी रोड, भट्टा कालोनी, सोमा सिटी, मॉडल टाऊन, तहसील चौक, धर्मशाला रोड के अलावा शहर के साथ लगते फार्म हाऊसों में अपना ठिकाना जमा लिया है। दरअसल, पुलिस की नजर से बचने के लिए बुकी यहां कारों में बैठकर, लोंग ड्राइव पर चलते हुए भी यह काम बड़ी आसानी से कर रहे हैं। इसके अलावा शहर के होटलों में भी इसको लेकर क्रिकेट बुकियों ने सभी तैयारियां पूरी कर रखी हैं। बड़े बुकी शहर से बाहर रहते हुए अपने एजेंट्स (पंटर) के जरिए सैंकड़ों को लाइन देकर लाखों का सट्टा खिला रहे हैं। ये एजेंट फतेहाबाद के पुराने शहर को छोडक़र आस-पास के आउटर इलाके में सट्टे चला रहे है। खासकर शिव चौक व एमसी कालोनी का इलाका इन बुकियों का केन्द्र माना जाता है।

### हाईटेक मशीन से खेल

सटोरियों ने हाईटेक जमाने में खुद को भी हाईटेक कर लिया है। अब फोन पर कॉल या मैसेज के बजाय ज्यादातर बुकिंग वाट्सएप या अन्य इंटरनेट मीडिया साइट्स से ले रहे हैं। सट्टा खिलाने के लिए हाईटेक मशीनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे सीधे-सीधे बुकिंग हो जाती है। दांव जीतने पर पेमेंट की जानकारी भी इसी तरह से दी जा रही है। ऑनलाइन पेमेंट भी आसानी से कर सकते हैं।

### हर बॉल, हर रन पर रेट तय

शहर में बैठे क्रिकेट बुकी सट्टा लगाने वाले की जानकारी मुंबई, दिल्ली, कोलकाता जैसे बड़े-बड़े शहरों में बैठे अपने सरगना को दे रहे हैं। इनकी इच्छा के अनुसार, मैच की हर बाल, ओवर और रन का रेट निर्धारित किया रहा है। मैच के पहले दिन ही फतेहाबाद में करोड़ों का सट्टा लगने का समाचार है।

### आईडी पासवर्ड और लेन बाई लेन होता है सट्टा व्यापार

बड़े-बड़े शहरों में बैठे कई बुकी छोटे-छोटे कस्बों में अपनी लाइनें देते हैं और ये लाइनें अपनी विशेष आईडी पासवर्ड से खुलती हैं। इसी के साथ-साथ नए तरीकों में ये बुकी एप और विशेष वेबसाइटों द्वारा भी इस कारोबार को संचालित करते है। बड़े शहरों से ये क्रम छोटे शहरों और कस्बों में और छोटे कस्बों से आम सट्टेबाजों तक लाइन बाई लाइन ये धंधा संचालित होता है। पिछले एक-दो सीजन से सटोरियों ने नया तरीका अपनाया है।

### 1 सटोरियों की तैयारी

- शहर के बाहर अलग-अलग फॉर्म हाउस में ठिकाना।
- पुराने सभी नंबर बंद कर दिए गए हैं।
- होटल में दूसरे के नाम से रूम बुक किए गए हैं।
- बड़े बुकी पहले ही शहर छोड़कर बाहर चले गए हैं।
- लोंग ड्राइव पर चलते-चलते कर रहे धंधा।

### 2 पुलिस की तैयारी

- सटोरियों को पकडने के लिए सीआईए की विशेष टीम तैयार ।
- शहर में बाहर से लौटे सटोरियों पर पुलिस की टीम कड़ी नजर।
- पुराने सटोरियों के नंबर और उनके ठिकाने पर खोजबीन भी की जा रही है।
- शहर छोडक़र बाहर गए हैं, उनकी जानकारी जुटाई।
- बड़े होटलों में किराए से रह रहे हैं लोगों की जांच।

### खाईवालों की कुंडली तैयार

*फतेहाबाद पुलिस की एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट ने सटोरियों की कुंडली तैयार कर ली है। पिछले साल पकड़े गए खाईवालों की पड़ताल शुरू कर दी गई है। वहीं, देखा जा रहा है कि वे अभी हैं कहां। उनके बारे में तलाश की जा रही। इसके अलावा संदिग्ध ठिकानों के आसपास पुलिस ने अपनी गश्त तेज कर दी है और सादी वर्दी में पुलिस कर्मी इन जगहों पर नजर रखे हुए हैं। शहर के करीब 50 क्रिकेट बुकी की पुलिस कुंडली तैयार कर रही है।*

### सट्टेबाजों पर रहती है कड़ी नजर

*शहर में हर साल आईपीएल शुरू होते ही सट्टा बाजार गर्म हो जाता है। मगर, पुलिस भी इस खेल पर शिकंजा कसने में कोई कसर नहीं छोड़ती है। पूर्व में फतेहाबाद पुलिस सट्टेबाजी के इस खेल के कई मामलों का भंडाफोड़ करते हुए कईयों को गिरफ्तार कर जेल भी भेज चुकी है। इस बार भी पुलिस सट्टेबाजी का खेल रोकने को लेकर सतर्क है। फतेहाबाद के क्रिकेट बुकियों के सम्बंध गुडगांव से भी सीधे जुड़े हैं और पिछले समय इन सम्बंधों का भी पुलिस ने खुलासा किया था। यही नहीं, यहां छोटे से छोटे दुकानदार से लेकर बड़े से बड़ा नेता भी इस धंधे से जुड़ा हुआ है।*

---

अपराधियों पर पुलिस की पैनी नजर

# हथियारों के साथ वीडियो या फोटो अपलोड कर दहशत फैलाने वालों की खैर नहीं : एसपी

## अपराध रोकने के लिए पुलिस की कड़ी कानूनी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अपराध तथा अपराधियों पर कारगर ढंग से अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस अब सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो अपलोड करने वालों पर भी पैनी नजर रखेगी तथा ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है। पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने बताया है कि कुछ लोग हथियारों के साथ अपनी फोटो सोशल मीडिया साइट्स जैसे फेसबुक/ इंस्टाग्राम व एक्स आदि के पेज पर पोस्ट कर समाज में अपना रुतबा दिखाने तथा दहशत फैलाने का प्रयास करते हैं, जोकि पूरी तरह से गैरकानूनी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सोशल साइट्स पर हथियारों के साथ अपनी फोटो पोस्ट करने का प्रचलन सा हो गया है, जिससे अक्सर युवा भ्रमित होकर अपराध की ओर अग्रसर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कुछ लोग हथियारों के साथ तस्वीर खिंचवा कर अपलोड करते हैं और समाज में दहशत फैलाने का काम करते है, जोकि गैरकानूनी है। हथियारों के साथ फोटो अपलोड करने वालों को तीन साल तक जेल की सजा और भारी भरकम जुर्माना भी अदा करना पड़ सकता है। हथियार भले ही लाइसेंसी हो लेकिन उसका सार्वजनिक प्रदर्शन पूरी तरह से गैर कानूनी है। एसपी ने कहा कि सोशल मीडिया पूरी तरह से सार्वजनिक मंच है, लिहाजा वहां हथियारों के साथ फोटो पोस्ट करना सार्वजनिक प्रदर्शन के दायरे में आता है। एसपी ने कहा कि युवा ऐसी फोटो को देखकर अपराध के दलदल में फंस जाते हैं।

### गिरफ्तारी के साथ लाइसेंस भी होगा रद्द



एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश जारी किए है कि सोशल मीडिया साइट्स पर जो लोग हथियारों का प्रदर्शन करते है, उन लोगों की सूची तैयार करें और उनके खिलाफ संबंधित थानों में मुकदमे दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए। साथ ही ऐसे लोगों के शस्त्र लाइसेंस भी रद्द करने की कवायद शुरू की जाए। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि अगर आपको कोई हथियारों के साथ फेसबुक पर अपनी तस्वीर अपलोड करने के बाद भय पैदा करने वाले संदेश पोस्ट करते हुए दिखाई देता है तो ऐसे लोगों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

-एसपी आस्था मोदी।

---

# सीडीएयू में 13वीं एथलीट मीट संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय द्वारा आयोजित 13वीं एथलीट मीट का समापन शनिवार को शानदार तरीके से संपन्न हुआ। इस खेल महाकुंभ में विभिन्न विभागों के खिलाड़ियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। एथलीट मीट में हिंदी विभाग का राकेश बेस्ट एथलीट रहा जबकि महिला वर्ग में कॉमर्स विभाग की मनीषा बेस्ट एथलीट रही। 100 मीटर की फर्राटा दौड़ में और 200 मीटर की दौड़ और ट्रिपल जंप प्रतियोगिता में भी बेस्ट एथलीट बने राकेश ने स्वर्ण पदक हासिल किया। बेस्ट एथलीट बनी मनीष ने 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़ और लॉन्ग जंप में स्वर्ण पदक हासिल किया। महिला 1500 मीटर दौड़ में ज्योति ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं जगदीप कौर दूसरे और संदीप रानी तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुष 1500 मीटर दौड़ में सुनील ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि मनदीप दूसरे और अरविंद कुमार तीसरे स्थान पर रहे। 3000 मीटर पुरुष दौड़ में हरमनप्रीत ने पहला स्थान, प्रीतपाल दूसरे और अनिल तीसरे स्थान पर रहे। खेल प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार ऊर्जा और समर्पण का परिचय दिया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना को बढ़ावा देना और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करना है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में और भी ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा दी।



**सिरसा।** प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी।

---

*गांव रहनखेड़ी में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया*

# जल शक्ति अभियान : फतेहाबाद जिला में दो दिन में बनाए गए 100 सोखते गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

विश्व जल दिवस पर पंचकूला में जल शक्ति अभियान : कैच दी रेन 2025 जल संचय जन भागीदारी, जन जागरूकता की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया। जिले के गांव रहनखेड़ी में इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। जहां पर उपस्थित अधिकारियों व ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम को देखा। फतेहाबाद जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि जल शक्ति अभियान 2025 के तहत जिला में दो दिनों में 100 के करीब सोखते गड्ढे बनाए गए है। खंड भट्टू में 11, खंड भूना में 12, खंड फतेहाबाद में 15, खंड जाखल में 16, खंड नागपुर में 15, खंड रतिया में 16 तथा खंड टोहाना में 15 सोखते गड्ढे बनाए गए है। उन्होंने बताया कि जिला में भूजल के गिरते जल स्तर को बचाना होगा, इसलिए जिला प्रशासन द्वारा वाटर रिचार्ज के प्रयास किए जा रहे हैं। जल शक्ति अभियान 2025 के तहत गांवों का पानी गांव में तथा खेतों का पानी खेत में संचय करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिला में संबंधित विभागों के सहयोग से सोखते गड्ढे बनाए जा रहे हैं ताकि भूमि के गिरते जल स्तर को सुधारा जा सके।



**फतेहाबाद।** जल शक्ति अभियान 2025 के शुभारंभ समारोह को देखते ग्रामीण व अधिकारी।

---

# योग है स्वस्थ जीवन जीने की कला: किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य रामकुमार जांगड़ा की अध्यक्षता डॉ. प्रीत कौर के संयोजन में एनएसएस इकाई के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत सभी के हार्दिक अभिनंदन और लक्ष्य गीत से की गई। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि इस कैंप में मुख्यातिथि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा से महिला पतंजलि योग समिति की राज्य कार्यकारिणी सदस्य किरण भल्ला द्वारा किया गया। उन्होंने स्वयंसेवकों को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र मे राष्ट्र सेवा करने के लिए प्रेरित किया। योग आध्यात्मिक, शारीरिक और मानसिक प्रथाओं का एक समूह है जिसकी उत्पत्ति प्राचीन भारत में हुई थी। योग का शाब्दिक अर्थ है जोडऩा। योग एक स्वस्थ जीवन जीने की कला है, जिसे अपनाने से सुव्यवस्थित जीवन हो जाता है।



**सिरसा।** प्राचार्य राम कुमार जांगड़ा रोड सेफ्टी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

### रोड सेफ्टी रैली आयोजित

दूसरे सत्र में एनएसएस छात्राओं द्वारा रोड सेफ्टी रैली का आयोजन किया गया जिसे महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कॉलेज प्राचार्य ने छात्राओं से कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाजसेवा करने का अवसर मिलता है। महान पुरुषों के उदाहरण उदाहरण देते हुए सेविकाओं को अनुशासित व समर्पित होकर समाजिक कार्यों के लिए प्रेरित किया। तीसरे सत्र में एंटी ड्रग विषय पर नाटक की प्रस्तुति दी गई जिसके तहत सभी को जागरूकता का संदेश दिया।

---

ग्लेशियर संरक्षण थीम को लेकर कार्यक्रम आयोजित

# 'विश्व जल दिवस' के अंतर्गत जल चौपाल का आयोजन, ग्रामीणों ने ली जल संरक्षण की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन द्वारा ग्राम पंचायत घासवा में 'विश्व जल दिवस' मनाया गया। ग्लेशियर संरक्षण थीम को लेकर आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत जल चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच गुरचरण सिंह ने की व मुख्य अतिथि के रूप में रतिया के खंड संसाधन संयोजक कुलदीप सिंह शामिल हुए। खंड संसाधन संयोजक ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को मनाए जाने वाले विश्व जल दिवस पर प्रत्येक नागरिक जल के महत्व को समझते हुए उसका विवेकपूर्ण उपयोग करने बारे संकल्प लेते हैं, ताकि प्रत्येक प्राणी को पर्याप्त मात्रा में प्रतिदिन स्वच्छ जल मिल सके। वर्तमान समय में पूरे संसार में जल संकट गहराता जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्षा का कम होना, नदियों और नहरों का पानी जन समुदाय की भागीदारी के बिना दूषित होना और भूमिगत जलस्तर का लगातार तेजी से नीचे जाना बहुत ही चिंता का विषय है। अगर हम अब भी पानी के महत्व को नहीं समझेंगे और लगातार इसी प्रकार पानी का दुरुपयोग करेंगे तो हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाएगी।



**रतिया।** गांव घासवां में जल संरक्षण की शपथ लेते ग्रामीण।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर ग्राम सचिव कपिल, राजेंद्र, अमित कुमार, आंगनबाड़ी वर्कर अमृतपाल कौर, जसवीर कौर, हेल्पर रणजीत कौर, अमनजीत कौर, जलकर्मी जगसीर सिंह, ग्रामीण मनराज सिंह, सतनाम सिंह, पिल्लू सिंह, शेषाराम, मनराज सिंह, लक्खा सिंह आदि उपस्थित रहे।

---

# जल संरक्षण को लेकर निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन एवं जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग द्वारा विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में गांव पन्नीवाला मोटा के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में संरक्षण रैली निकाली गई। अध्यक्षता खंड संसाधन समन्वयक प्रदीप बैनीवाल एवं प्रधानाचार्य मनजीत कुमार ने की। खंड समन्वयक प्रदीप बैनीवाल ने विश्व जल दिवस पर जल जीवन मिशन पर चर्चा की और बताया कि विश्व जल दिवस वर्ष 1992 में ब्राजील के रियो डि जेनेरियो में पर्यावरण और विकास के मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र ने एक सम्मेलन का आयोजन किया। उसी दिन विश्व जल दिवस मनाने की पहल की गई। बाद में 1993 में पहली बार विश्व जल दिवस मनाया गया। तब से हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाने लगा।

### पेंटिंग व कविता लेखन प्रतियोगिता करवाई

**चोपटा।** राजकीय उच्च विद्यालय बरूवाली-1 में यूथ व इको क्लब द्वारा विश्व जल दिवस मनाया गया। अध्यापक प्यारेलाल ने बताया कि विद्यालय में जल संरक्षण विषय पर पेंटिंग व कविता लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना पदा करती है। बच्चों को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़चढक़र भाग लेना चाहिए, ताकि वो अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकें। उन्होंने कहा कि बच्चों में टेलेंट की कमी नहीं है, जरूरत है उस टेलेंट को बाहर निकालने की। ईको क्लब प्रभारी गुरदीप राय पीटीआई ने बच्चों को जल के महत्व के बारे में विस्तार से बताया तथा कहा कि हम छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर भी बहुत सारा जल बचा सकते हैं। इस दौरान एसएमसी सदस्य व स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा। विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर स मानित किया गया।

# निवेश का 'गुरु मंत्र' जब लोग डर रहे हों तो आप लालची बन जाएं

**● निवेश में सफलता के लिए हमेशा लक्ष्य तय कर पैसा लगाएं ● दिग्गज निवेशक वॉरेन बफेट का मंत्र- बाजार में जब दूसरे डरे हुए हों तो लालची बनो और जब दूसरे लालची हों तो डरो। घबराहट में अपना निवेश भुना लेने से सिर्फ घाटा ही बढ़ता है।**

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क



दिग्गज निवेशक वॉरेन बफेट का एक पॉपुलर कोट है कि बाजार में जब दूसरे डरे हुए हों तो लालची बनो और जब दूसरे लालची हों तो डरो। घबराहट में अपना निवेश भुना लेने से सिर्फ घाटा ही बढ़ता है, जबकि निवेश बनाए रहने से टाइम और कंपाउंडिंग निवेशक के फेवर में काम करते हैं। उनका कहना है कि जब बाजार में घबराहट होती है तो हम अपनी दौलत नहीं गंवाते हैं, बल्कि जब हम घबराते हैं तो हम अपने पैसों का नुकसान कर लेते हैं। तो क्या मौजूदा बाजार की गिरावट में भी दिग्गज निवेशक का ये मंत्र लंबी अवधि में सफलता का राज बन सकता है। अगर हम बाजार की हिस्ट्री में बड़ी गिरावट और उसके बाद रिकवरी के आंकड़े देखें तो यह बात समझ में आ सकती है।

### निवेश बनाए रखना जरूरी

जानकारों का कहना है कि फंड हाउस की एक स्टडी के अनुसार पिछले 2 दशक में, ऐसे 13 मौके आए, जब एनएसई निफ्टी 50 इंडेक्स ने 10 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की।

इनमें से 11 मौकों पर, इंडेक्स ने एक साल बाद पॉजिटिव रिटर्न दिया। इनमें से 9 मौकों पर रिटर्न डबल डिजिट में था, जबकि एवरेज रिटर्न 21 फीसदी रहा।

अगर आप 10 फीसदी की गिरावट के बाद भी निवेश के लिए 3 साल तक समय-सीमा बढ़ाते हैं, तो निगेटिव रिटर्न का एक भी उदाहरण नहीं है। रिसर्च के अनुसार 18 अप्रैल 2005 से 18 अप्रैल 2006 के बीच बाजार में 80 फीसदी से ज्यादा बढ़त रही।

15 सितंबर 2008 से 15 सितंबर 2009 तक बाजार में 20 फीसदी तेजी आई। 8 मई 2012 से 8 मई 2013 के बीच बाजार में 21 फीसदी तेजी रही।

17 नवंबर 2016 से 17 नवंबर 2017 के बीच बाजार में 27 फीसदी तेजी रही। 23 मार्च 2018 से 23 मार्च 2019 के बीच 15 फीसदी तेजी रही, जबकि इन सभी साल के पहले तक बाजार में करेक्शन का दौर चला था। तो यह डाटा तो वॉरेन बफेट के प्रसिद्ध कोट को सही साबित करता है।

### एसआईपी बनाए रखने का फायदा

घबराहट की स्थिति में कई बार निवेशक घबराकर जल्दबाजी में फैसले लेने लगते हैं। जैसे पहले से चल रहे एसआईपी को बंद कर देना या टारगेट पूरा हुए बिना निवेश को भुना लेना, लेकिन वास्तव में ये कदम फाइनेंशियल हेल्थ के लिए नुकसानदायक है। एसआईपी के पीछे मूल उद्देश्य रूपी कास्ट एवरेजिंग है। जब आप लोअर मार्केट लेवल पर एसआईपी जारी रखते हैं, तो आप अपने समान मंथली निवेश की राशि से अधिक यूनिट खरीद सकते हैं, क्योंकि नेट एसेट वैल्यू (एनएवी) कम होती है। यह रणनीति सुनिश्चित करती है कि जब बाजार में रिकवरी आती है, तो इन बढ़ी हुई यूनिट पर आपको ज्यादा लाभ होता है।

### बाजार में उतार-चढ़ाव से कैसे निपटें

हालांकि बाजार में उतार-चढ़ाव टेंशन बढ़ाने वाला हो सकता है, लेकिन यह लॉन्ग टर्म निवेशकों के लिए अपने पोर्टफोलियो का फिर से मूल्यांकन करने का एक सुनहरा अवसर पेश करता है। इस डर का उपयोग प्रोडक्टिवली यह मूल्यांकन करने के लिए करें कि आपका वर्तमान एसेट एलोकेशन आपकी जोखिम लेने की क्षमता के अनुरूप है या नहीं। अक्सर, बुल मार्केट यानी तेजी वाले बाजारों में निवेशक दूसरों को फॉलो करते हुए या हाल ही में टॉप प्रदर्शन करने वाली कैटेगरी को देखकर निवेश करते है, लेकिन हर निवेशक की जोखिम लेने की क्षमता, लिक्विडिटी की जरूरतें और टाइम लिमिट अलग-अलग होती है। बाजार में करेक्शन एक चेतावनी के रूप में काम करना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि किसी का पोर्टफोलियो उसके अपने लक्ष्य, जोखिम लेने की क्षमता और लिक्विडिटी की जरूरतों को पूरा करने के लिए सही तरीके से तैयार किया है।

**●**
**बाजार में उतार-चढ़ाव टेंशन बढ़ाने वाला हो सकता है, लेकिन घबराएं नहीं**
**●**
**यह लॉन्ग टर्म निवेशकों के लिए पोर्टफोलियो का मूल्यांकन करने का अहम समय**

### एसेट एलोकेशन स्ट्रैटेजी

- **लार्ज और मिडकैप फंड/ल्टीकैप फंड/फ्लेक्सीकैप फंड** : उन निवेशकों के लिए जो लंबी अवधि में अपनी दौलत में इजाफा करना चाहते हैं और इक्विटी मार्केट में उतार-चढ़ाव को झेलने की क्षमता रखते हैं, ये फंड कैटेगरी अच्छे विकल्प होंगे। क्योंकि इनमें मार्केट कैपिटलाइजेशन के हिसाब से पोर्टफोलियो मिक्स होता है, जो मार्केट के किसी खास सेगमेंट में तेज उतार-चढ़ाव के असर को कम करता है।
- **हाइब्रिड इक्विटी स्कीम/बैलेंस्ड एडवांटेज फंड** : ये योजनाएं निश्चित रूप से ऐसे निवेशकों के लिए सावधानी से विचार करने योग्य हैं, जिन्हें हाल ही में 10 फीसदी की गिरावट ने यह अहसास जगा दिया है कि इक्विटी निवेश में अप-डाउन हो सकता है, लेकिन जो अभी भी भारत में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले लॉन्ग टर्म एसेट क्लास के रूप में अपने स्टेटस के लिए इक्विटी होल्डिंग चाहते हैं।
- **मल्टी-एलोकेशन फंड** : जो निवेशक इसमें विश्वास करते हैं कि इक्विटी की एक ही कैटेगरी में निवेश करना समझदारी नहीं है, उनके लिए एक दूसरे से लो को-रिलेशन वाले मल्टी एसेट क्लास का मिक्स एक पसंदीदा विकल्प हो सकता है।
- (**डिस्क्लेमर** : इस आर्टिकल का उद्देश्य सिर्फ जानकारी प्रदान करना है। यह किसी भी तरह से निवेश की सलाह नहीं है। बाजार में जोखिम होता है, इसलिए यह सलाह दी जाती है कि निवेश का कोई भी निर्णय लेने से पहले अपने स्तर पर फाइनेंशियल एडवाइजस से परामर्श जरूर कर लें।)




# एसआईपी से दूर जा रहे निवेशक गिरते बाजार में संभलकर उठाएं कदम

मोहभंग
बिजनेस डेस्क

बाजार में म्यूचुअल फंड में एसआईपी के जरिए निवेश करना एक बढ़िया तरीका माना जाता है। काफी निवेशकों ने इस तरह से बड़ा फंड भी बनाया है। एसआईपी के जरिए हर महीने एक तय रकम निवेश करने पर करोड़पति बनना काफी आसान होता है। लेकिन लगता है कि इस स्कीम को किसी की नजर लग गई है। शेयर बाजार में पिछले कई महीने से भारी गिरावट देखी जा रही है। बाजार में बिकवाली (बिक्री) की आंधी का असर म्यूचुअल फंड निवेशकों पर भी पड़ रहा है। फरवरी में म्यूचुअल फंड में निवेश काफी गिर गया है। इसमें अभी भी गिरावट का दौर लगातार जारी है। ऐसे में निवेशकों को चाहिए कि लंबी अवधि के निवेश का लक्ष्य बनाएं रखें और बाजार की गिरावट से डरकर न भागें। पहले भी देखा गया है कि लंबी अवधि में एसआईपी ने अच्छा फायदा दिया है। इसलिए एसआईपी में निवेश बनाए रखें।

### कम समय में ज्यादा रिटर्न

बाजार में उतार-चढ़ाव चलते रहते हैं। ऐसे में एसआईपी यानी सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान फायदेमंद माना जाता है। एसआईपी के जरिए आप हर महीने एक निश्चित रकम निवेश करते हैं। बाजार ऊपर हो या नीचे, आपका निवेश चलता रहता है। इससे आपको औसतन कम कीमत पर ज्यादा यूनिट्स मिलती हैं। लंबे समय में इससे अच्छा रिटर्न मिलने की संभावना बढ़ जाती है। लेकिन पिछले कुछ समय से तस्वीर कुछ बदल रही है।

### फरवरी में कितनी आई गिरावट?

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में स्मॉलकैप और मिडकैप योजनाओं में निवेश घटने से इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश में 26%गिरकर 29,303 करोड़ रुपये रह गया, जबकि जनवरी 2025 में यह आंकड़ा 39,687 करोड़ रुपये था। डेट म्यूचुअल फंड में 6,525 करोड़ रुपये का रेकॉर्ड आउटफ्लो (निकासी) देखने को मिला, जबकि जनवरी में इसका टोटल इन्फ्लो (निवेश) 1.28 लाख करोड़ रुपये था।

### लोगों की संख्या में आई कमी

फरवरी में सेंसेक्स और निफ्टी लगातार पांचवें महीने लाल निशान में बंद हुए और यह साल 1996 के बाद से सबसे बड़ी गिरावट रही। म्यूचुअल फंड में मिलने वाले रिटर्न पर मार्केट की गिरावट का असर पड़ता है। फरवरी में म्यूचुअल फंड एसआईपी के जरिए पैसा लगाने वालों की संख्या कम हुई है। फरवरी में एसआईपी के जरिए 25,999 करोड़ रुपये आए। यह पिछले तीन महीनों में सबसे कम है। जनवरी के मुकाबले इसमें 2% की गिरावट आई है।

### क्या कहते हैं जानकार?

जानकारों के मुताबिक मार्केट गिरे और निवेश की वैल्यू कम होने लगे तो घबराना नहीं चाहिए। काफी लोग इस गिरावट के कारण म्यूचुअल फंड से निकल जाते हैं और नुकसान कर बैठते हैं। अगर म्यूचुअल फंड की कीमत कम हो रही है तो ज्यादा यूनिट्स खरीदना शुरू कर दें। मार्केट जब बढ़ेगी तो आपका पैसा तेजी से बढ़ेगा। हालांकि पूरी रिसर्च करने और एक्सपर्ट से जानकारी लेने के बाद ही निवेश करें।

**●**
**एसआईपी के जरिए निवेश करके बड़ा फंड हो सकता है तैयार**
**●**
**लॉन्ग टर्म में इनमें अच्छा रिटर्न मिलने की पूरी उम्मीद होती है**
**●**
**थोड़ी-थोड़ी रकम निवेश करके करोड़पति बन सकते हैं**
**●**
**अभी शेयर मार्केट में गिरावट है। तो निवेशक एसआईपी से भी दूरी बना रहे**
**●**
**लेकिन लंबे समय के लिए निवेश का यह एक बेहरीन विकल्प**

### लंबे समय के लिए टिकें

म्यूचुअल फंड में लॉन्ग टर्म निवेश की सलाह दी जाती है। यहां लॉन्ग टर्म से मतलब कम से कम 3 साल है। अगर मार्केट में गिरावट के कारण शुरुआती कुछ महीनों में ही नुकसान दिखाई दे रहा है तो इससे घबराएं नहीं। बाजार के उतार-चढ़ाव के दौरान निवेशकों को अपनी लंबी अवधि की जरूरतों पर ध्यान देना चाहिए और अपनी एसआईपी जारी रखनी चाहिए। कोरोना के समय जब शेयर मार्केट में गिरावट आई थी तो काफी लोगों ने एसआईपी को बढ़ा दिया था। आज उनकी रकम काफी बढ़ चुकी है।

### क्या है एसआईपी

सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) म्यूच्यूअल फंड्स द्वारा प्रस्तावित एक ऐसा निवेश का जरिया है, जिसके माध्यम से एक व्यक्ति एक निर्धारित रकम, नियमित अंतराल में म्यूच्यूअल फंड्स के किसी स्कीम में – जैसे मासिक या त्रैमासिक, बजाय एक मुश्त रकम की अदायगी के, निवेश कर सकता है। यह किश्त 100 रुपये प्रति माह की मामूली रकम भी हो सकती है जो बहुत कुछ रेकरिंग डिपाजिट (आवर्ती जमा) से मिलती-जुलती है। ये इसलिए भी आसान है, क्योंकि आप अपने बैंक को ये स्थाई अनुदेश दे सकते हैं कि आपके खाते से ये रकम हर माह डेबिट (निकासी) होता रहे। एसआईपी भारतीय म्यूच्यूअल फंड्स निवेशकों के बीच काफी लोकप्रिय हो चला है, इसलिए कि ये निवेशक को बाज़ारों के उथल-पुथल और समय गणना की चिंता से अलग रख एक अनुशाशित तरीके से निवेश में सहायता करता है। लम्बी अवधि के निवेश के लिए म्यूच्यूअल फंड्स द्वारा प्रस्तावित एसआईपी निवेश की दुनिया में क़दम रखने का यकीनन सबसे बढ़िया रास्ता हैं। निवेश से सर्वाधिक और श्रेष्ठ प्राप्ति के लिए, बेहद ज़रूरी है लम्बी अवधि के लिए निवेश हो, जिसका सीधा अर्थ यह कि आप जल्द से जल्द निवेश आरम्भ करें, ताकि आपके लक्ष्य लाभ अधिकतम हों।

# पोस्ट ऑफिस की स्कीम भी दे रही अच्छा मुनाफा, कर सकते हैं निवेश

*टीडी स्कीम बैंकों की एफडी की तरह देती है आकर्षक ब्याज, इस योजना में निवेश कर युवा भी अपनी झोली भर रहे, पोस्ट ऑफिस की टीडी स्कीम में कोई खोल सकता है खाता, निवेशकों को 6.9 फीसदी से लेकर 7.5 फीसदी तक ब्याज मिलता है*

एफडी
बिजनेस डेस्क

भारतीय डाक विभाग की टाइम डिपॉजिट (टीडी) स्कीम निवेशकों के लिए एक सुरक्षित और लाभदायक विकल्प बनकर उभरी है। यह स्कीम बैंकों की फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) की तरह ही काम करती है, लेकिन इसमें ब्याज दरें अधिक आकर्षक हैं। पोस्ट ऑफिस की यह डिपॉजिट स्कीम लोगों को मालामाल कर रही है। इस योजना में निवेश कर युवा भी अपनी झोली भर रहे हैं। पोस्ट ऑफिस की टीडी स्कीम में कोई भी व्यक्ति खाता खोल सकता है। इसमें सिंगल अकाउंट के साथ-साथ जॉइंट अकाउंट भी खोला जा सकता है। जॉइंट अकाउंट में अधिकतम 3 लोगों के नाम जोड़े जा सकते हैं। इसमें निवेश कर कोई भी आसानी से अपनी बचत को बढ़ा सकता है। टीडी स्कीम में निवेशकों को 6.9 फीसदी से लेकर 7.5 फीसदी तक का ब्याज मिलता है, जो इसे बैंकों की एफडी से बेहतर बनाता है. इस स्कीम में निवेश किया गया पैसा पूरी तरह से सुरक्षित है, क्योंकि यह भारत सरकार के अधीन काम करता है।

### टीडी स्कीम की खास बातें

पोस्ट ऑफिस टीडी स्कीम में निवेशक 1 साल से लेकर 5 साल तक के लिए अपना पैसा जमा कर सकते हैं। इस स्कीम में न्यूनतम 1,000 से खाता खोला जा सकता है, जबकि अधिकतम जमा राशि की कोई सीमा नहीं है। टीडी खाते पर मिलने वाला ब्याज निवेश की अवधि पर निर्भर करता है।उदाहरण के लिए, 2 साल की टीडी पर 7.0 फीसदी का ब्याज मिलता है।

### लाख जमा पर कितना ब्याज

अगर आप पोस्ट ऑफिस की 2 साल की टीडी स्कीम में 2 लाख जमा करते हैं, तो मैच्योरिटी पर आपको कुल 2,29,776 मिलेंगे। इसमें 29,776 का ब्याज शामिल होगा। यह ब्याज गारंटीड और फिक्स है, जिसमें किसी तरह का रिस्क नहीं है।

### कौन खोल सकता है खाता

पोस्ट ऑफिस की टीडी स्कीम में कोई भी व्यक्ति खाता खोल सकता है। इसमें सिंगल अकाउंट के साथ-साथ जॉइंट अकाउंट भी खोला जा सकता है। जॉइंट अकाउंट में अधिकतम 3 लोगों के नाम जोड़े जा सकते हैं। यह स्कीम छोटे और बड़े निवेशकों दोनों के लिए उपयुक्त है।

### पोस्ट ऑफिस टीडी स्कीम के फायदे




- **सुरक्षित निवेश** : पोस्ट ऑफिस सरकारी संस्था है, इसलिए इसमें निवेश किया गया पैसा पूरी तरह से सुरक्षित है।
- **आकर्षक ब्याज दरें:** बैंकों की तुलना में पोस्ट ऑफिस टीडी पर ब्याज दरें अधिक हैं।
- **लचीलापन:** 1 साल से लेकर 5 साल तक की अवधि चुनने की सुविधा।
- **कम निवेश** : सिर्फ 1,000 से खाता खोल सकते हैं।

### ऐसे खोलें टीडी खाता

पोस्ट ऑफिस टीडी खाता खोलने के लिए आपको नजदीकी डाकघर जाना होगा। वहां आपको आवेदन फॉर्म भरना होगा और जरूरी दस्तावेज जमा करने होंगे। इसमें पहचान प्रमाण, पता प्रमाण और पासपोर्ट साइज फोटो की आवश्यकता होती है।

### डाकघर की ये भी बचत योजनाएं

- डाकघर बचत खाता
- 5 वर्षीय डाकघर आवर्ती जमा खाता (आर डी)
- डाकघर सावधि जमा खाता (टी डी)
- डाकघर मासिक आय योजना खाता (एम आई एस)

### वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एस सी एस एस)

- 15 वर्षीय सार्वजनिक भविष्य निधि खाता (पीपीएफ)
- सुकन्या समृद्धि खाता
- राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (एन एस सी)
- किसान विकास पत्र (के वी पी)
- महिला सम्मान बचत पत्र
- प्रधानमंत्री बाल केयर योजना, 2021
- ब्याज दर (नई)
- **डिस्क्लेमर** : (यह जानकारी सिर्फ़ सूचना के लिए है। इसे निवेश का सुझाव मानकर निवेश न करें। मार्केट में निवेश बाजार जोखिमों के अधीन होता है। निवेशक के तौर पर पैसा लगाने से पहले हमेशा एक्सपर्ट से सलाह लें।)

# टैक्स बचाने का अब आखिरी मौका, 31 मार्च से पहले अपनाएं ये ट्रिक्स




**वित्त वर्ष 2024 में 72% टैक्सपेयर्स ने नई टैक्स व्यवस्था को अपनाया**

**इस बार यह संख्या और बढ़ेगी, 12.75 लाख तक नहीं देना होता टैक्स**

सुझाव
बिजनेस डेस्क

वित्त वर्ष 2024-25 खत्म होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं और नया वित्त वर्ष 2025-26 शुरू होने में सिर्फ 10 दिन रह गए हैं। ऐसे में जो लोग पुरानी टैक्स व्यवस्था को चुन रहे हैं, उनके पास टैक्स बचाने के लिए अब आखिरी मौका है। हालांकि वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 24 में 72% टैक्सपेयर्स ने नई टैक्स व्यवस्था को अपनाया, और आने वाले समय में यह संख्या और बढ़ सकती है। हालांकि, अभी भी कई करदाता पुरानी टैक्स व्यवस्था के जरिए टैक्स छूट के फायदे लेना पसंद करते हैं। अगर आप भी पुरानी टैक्स व्यवस्था के तहत टैक्स छूट पाना चाहते हैं, तो यह समय आपके लिए आखिरी मौका हो सकता है। सही निवेश से आप अपने टैक्स का बोझ कम कर सकते हैं।

### सेक्शन 80सी: टैक्स बचाने के लिए बेस्ट निवेश विकल्प

अगर आप इनकम टैक्स बचाना चाहते हैं, तो सेक्शन 80सी के तहत कई निवेश योजनाओं में पैसा लगाकर 1.5 लाख रुपये तक की कटौती का फायदा उठा सकते हैं। इस सेक्शन के तहत सुकन्या समृद्धि योजना, इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम, पब्लिक प्रोविडेंट फंड, कर्मचारी भविष्य निधि, नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट और 5 साल की टैक्स-सेवर फिक्स्ड डिपॉजिट जैसी कई योजनाएं आती हैं। हर योजना की अपनी अलग लॉक-इन अवधि और रिटर्न दर होती है। अगर आप कम से कम लॉक-इन पीरियड में निवेश करना चाहते हैं, तो ईएलएसएस आपके लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है, जिसका लॉक-इन केवल 3 साल है, लेकिन इसका रिटर्न बाजार के प्रदर्शन पर निर्भर करता है। वहीं, नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) में निवेश पर आपको सेवानिवृत्ति (60 वर्ष) तक इंतजार करना होता है। ईपीएफ भी सेवानिवृत्ति तक का निवेश है, लेकिन आंशिक निकासी की सुविधा इसमें दी जाती है। अगर आप गैर-बाजार जोखिम वाले निवेश चाहते हैं, तो सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसए) और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस) बेहतर विकल्प हो सकते हैं। एसएसए में सालाना 8.2% और एससीएसएस में 8.2% ब्याज मिलता है। वहीं, पीपीएफ में 7.1%, एनएससी में 7.7%, और पोस्ट ऑफिस टाइम डिपॉजिट में 7.5% का सालाना ब्याज मिलता है। टैक्स-सेवर बैंक एफडी का रिटर्न 6.5% से 7.5% तक होता है। यदि आप लॉन्ग-टर्म प्लानिंग कर रहे हैं, तो पीपीएफ, इपीएफ और एनपीएस बढ़िया विकल्प हो सकते हैं। वहीं, जो लोग शॉर्ट-टर्म टैक्स सेविंग और अच्छा रिटर्न चाहते हैं, वे ईएलएसएस और 5 साल की टैक्स-सेवर एफडी का चुनाव कर सकते हैं। 31 मार्च से पहले सही निवेश करके आप न सिर्फ टैक्स बचा सकते हैं, बल्कि अपनी वित्तीय सुरक्षा भी मजबूत कर सकते हैं।

### नया टैक्स बचाने से पहले मौजूदा निवेशों की करें जांच

अगर आप टैक्स बचाने के लिए नया निवेश करने की सोच रहे हैं, तो पहले यह देखें कि इसकी जरूरत है या नहीं। कई निवेश योजनाओं में लॉक-इन पीरियड होता है, यानी एक बार पैसा लगाने के बाद आप उसे तय समय से पहले नहीं निकाल सकते। सबसे पहले यह जांचें कि आपने इस साल कितना निवेश किया है। हो सकता है कि आप पहले ही धारा 80सी की सीमा पूरी कर चुके हों। ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि), जिसे आपकी सैलरी से हर महीने काटा जाता है, भी टैक्स बचत में शामिल होता है। इसी तरह, अगर आपके पास होम लोन है, तो उसका मूलधन (प्रिंसिपल) भी धारा 80सी के तहत टैक्स छूट दिला सकता है। इसलिए, नया निवेश करने से पहले अपने मौजूदा निवेशों को जरूर जांचें। हो सकता है कि ईपीएफ और होम लोन के रीपेमेंट से ही आपकी टैक्स बचत की जरूरत पूरी हो रही हो और आपको अलग से निवेश करने की जरूरत न हो।

अगर 2024 में जॉब बदली है तो फॉर्म 12 भरना जरूरी अगर आपने 2024 में नौकरी बदली है, तो फॉर्म 12बी भरना जरूरी है। यह फॉर्म आपके नए एम्प्लॉयर को आपकी पिछली सैलरी और टैक्स कटौती की जानकारी देने में मदद करता है, जिससे आपकी सैलरी से सही टैक्स कटे। अपने टैक्स रिकॉर्ड सही रखने के लिए 31 मार्च तक फॉर्म 12बी समिट करें। इससे आपका नया एम्प्लॉयर टैक्स कैलकुलेशन में गलती नहीं करेगा और सही टीडीएस कटेगा।




### सीनियर सिटीजन्स के मेडिकल खर्च पर टैक्स डिडक्शन

भारत में आयकर अधिनियम की धारा 80डी के तहत करदाता अपने और अपने परिवार के लिए चुकाए गए हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर टैक्स डिडक्शन का लाभ उठा सकते हैं। इससे उनकी टैक्स योग्य आय कम होती है और उन्हें कम टैक्स देना पड़ता है। लेकिन अगर आपने सीनियर सिटीजन्स (वरिष्ठ नागरिकों) के लिए कोई हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम नहीं भरा है, तब भी आप उनके मेडिकल खर्च पर टैक्स छूट का दावा कर सकते हैं। इस धारा के तहत, 60 साल या उससे अधिक उम्र के माता-पिता या वरिष्ठ नागरिकों के इलाज पर किए गए खर्च के लिए 50,000 रुपये तक का टैक्स डिडक्शन लिया जा सकता है। यह सुविधा उन करदाताओं के लिए फायदेमंद है, जिनके माता-पिता या अन्य वरिष्ठ परिजन बीमा कवर के बिना इलाज करवा रहे हैं। इसलिए, अगर आपके परिवार में कोई सीनियर सिटिजन बिना स्वास्थ्य बीमा के है, तो उनके मेडिकल खर्च का बिल संभालकर रखें और टैक्स बचत का लाभ उठाएं।

### कैलकुलेशन से समझें

टैक्स बचाने के लिए ईएलएसएस फायदेमंद, लेकिन निवेश पर जोखिम भी अगर आप ईएलएसएस में निवेश करते हैं, तो इससे टैक्स बचाया जा सकता है। हालांकि, इस स्कीम में निवेश करने के बाद आपका पैसा 3 साल तक लॉक रहेगा। इसके अलावा, ईएलएसएस एक जोखिम भरा निवेश भी है क्योंकि यह शेयर बाजार से जुड़ा होता है। शेयर बाजार की स्थिति अक्सर बदलती रहती है, जिससे इस स्कीम में रिटर्न का कोई निश्चित भरोसा नहीं होता। इसलिए, निवेश करने से पहले अपने वित्तीय लक्ष्यों और जोखिम सहने की क्षमता को जरूर समझें।

## खबर संक्षेप

### खेत से लौट रहे व्यक्ति से लूटपाट, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** जिले के टोहाना क्षेत्र में देर रात खेत से घर लौट रहे एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर अज्ञात बदमाशों ने नकदी, मोबाइल और चांदी का कड़ा लूट लिया। घटना की सूचना मिलते ही शहर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव सिंबलवाला निवासी सुरेश कुमार ने बताया कि रात करीब साढ़े 12 बजे जब वह खेत से अपने गांव लौट रहा था, तभी शिव मंदिर के पास मोटरसाइकिल पर सवार कुछ युवक उसे क्रॉस कर गए। जब उसने टोका तो वे वापस लौटे और उस पर हमला कर दिया। बदमाशों ने उसे घसीटकर थप्पड़-मुक्कों से पीटा और लूटपाट कर फरार हो गए। सुरेश कुमार के मुताबिक, आरोपियों ने उससे 8,500 रुपये नकद, चांदी का कड़ा और मोबाइल फोन छीन लिया।

### चेक बाउंस मामले में दोषी को 7 माह की कैद की सजा

**फतेहाबाद।** न्यायिक दंडाधिकारी जोगिन्द्र जांगडा की अदालत ने चेक बाउंस के एक मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी करार देते हुए 7 माह की कैद की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी को चेक अमाउट की की राशि 2 लाख 44 हजार 133 रुपये शिकायतकर्ता को मुआवजे के रूप में देने के आदेश दिए। मिली जानकारी के अनुसार गांव भिरडाना निवासी अरूण कुमार बजाज ने अपने अधिवक्ता प्रशांत शर्मा के जरिए अदालत में शिकायत दर्ज करवाई कि आरोपी गौतम चौधरी ने उसकी पत्नी ज्योति रानी से 3 लाख रुपये की राशि उधार ली और जल्द से जल्द वापस करने का विश्वास दिया। आरोपी ने उधार ली गई, राशि के बकाया के रूप में 2 लाख 44 हजार 133 रुपये चुकाने के लिए चेक दिया, जो बैंक से बाउंस हो गया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला लापता, केस दर्ज

**बरवाला।** शहर के वार्ड 8 से संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला लापता हो गई। अभी तक उसका कोई पता नहीं चला है, जिस पर उसके पति ने पुलिस को शिकायत दी है। बरवाला नगरपालिका के वार्ड नंबर 8 के रहने वाले अशोक ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह किराए पर मकान लेकर परिवार के साथ रहता है। वह गत दिवस मजदूरी के लिए पंजाब चला गया था। जब वह वापस लौटा तो उसकी 23 वर्षीय पत्नी घर पर नहीं मिली। उसने आसपास के लोगों से पूछताछ की तो फिर पता चला कि उनकी पत्नी वार्ड नंबर एक के रहने वाले अमन के साथ कहीं पर चली गई है। पीड़ित ने बताया कि अब अमन का मोबाइल नंबर भी बंद आ रहा है, जिससे संदेह की स्थिति और गहरी हो गई है। इस मामले में बरवाला पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### विदेश भेजने के नाम पर 9 लोगों से 15.97 लाख ठगे

**हिसार।** पीएलए चौकी पुलिस ने वर्क वीजा पर विदेश भेजने के नाम से की गई 15 लाख 97 हजार की ठगी मामले में एक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी पंजाब के बरनाला निवासी गगनदीप उर्फ अमनदीप को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। चौकी प्रभारी एएसआई सुभाष ने बताया कि आरोपी ने 9 व्यक्तियों से वर्क वीजा पर पोलैंड भेजने के नाम पर 15 लाख 97 हजार रुपये की ठगी की।

# विद्यार्थियों ने विश्व जल दिवस पर ली जल संरक्षण की शपथ



भूना। विश्व जल दिवस पर छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

गांव डूल्ट स्थित श्री गुरु नानक स्कूल में विश्व जल दिवस मनाया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने जल संरक्षण के महत्व पर चर्चा की। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर रणजीत सिंह गिल, अकैडमिक डायरेक्टर धर्मपाल गोयल और सीनियर कॉर्डिनेटर वरिंद्र कौर ने कहा कि जल ही जीवन है। इसका संरक्षण करना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। जल के बिना पृथ्वी पर कोई भी प्राणी जीवित नहीं रह सकता। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है। यह दिन याद दिलाता है कि जल का सतत उपयोग और संरक्षण जरूरी है। जल सभी प्राणियों के लिए मूलभूत आवश्यकता है, इसलिए सभी को जल के सही उपयोग और संरक्षण पर ध्यान देना चाहिए। विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे जीवनभर जल संरक्षण का संकल्प लें।

# पीएम के विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में सीएम सैनी ने पेश किया नायाब बजट : रणधीर

## संकल्प पत्र के 19 वायदे पूरे किए, 14 पर काम प्रगति पर

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

नलवा के विधायक रणधीर पनिहार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपने को पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वित्त मंत्री के रूप में अपना नायाब आम बजट पेश किया है। इस बजट में किसान, मजदूर, व्यापारी, महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं, कमेरे हर वर्ग के हितों का ध्यान रखा गया है। नलवा विधायक शनिवार को फतेहाबाद में बीजेपी के जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। भाजपा के नए जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा व अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक दुड़ाराम, चेयरमैन भारत भूषण मिड्ढा, वेद फुलां, पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा मौजूद रहे। पत्रकारों से बातचीत करते विधायक रणधीर पनिहार ने कहा कि बजट में किसानों के लिए सब्सिडी का जो प्रावधान रखा है, उससे किसानों में उत्साह है। कृषि क्षेत्र और किसानों को इससे मजबूती मिलेगी। महिलाओं के लिए लाडो लक्ष्मी योजना से प्रदेश की मातृशक्ति और अधिक सशक्त होगी। नौकरीपेशा लोगों का जीवन और सुविधाजनक हो सकेगा। उन्होंने कहा कि संकल्प से सिद्धि के संदर्भ में भी सरकार द्वारा उल्लेखनीय प्रगति की गई है। संकल्प पत्र में किए गए 19 वायदे पहले ही पूंरे हो चुके हैं और 14 वर्तमान में प्रगति पर हैं। इस बजट की स्वीकृति के साथ आगामी वित्तीय वर्ष में अतिरिक्त 90 वादे पूरे किए जाएंगे, जो हरियाणा के विकास की प्रगति को और भी तेजी देंगे बढ़ाएंगे।



फतेहाबाद। पत्रकारों से बातचीत करते नलवा के विधायक रणधीर पनिहार।

### 6 प्रस्ताव किए प्रस्तुत

विधायक पनिहार ने बताया कि हरियाणा सरकार ने विकसित हरियाणा, विकसित भारत के लिए 6 महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत किये है जिसके अंतर्गत हरियाणा को 'भविष्य सक्षम' बनाने के लिए डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर नाम से नया विभाग बनाया जाएगा। प्रदेश की युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए संकल्प प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। हरियाणा में 50 लाख नए रोजगार उत्पन्न करने के लिए मिशन हरियाणा-2047 शुरू किया गया है।

## पुसिल अधीक्षक ने नागरिकों को किया जागरूक

# नशे के खिलाफ सामाजिक आंदोलन चलाने की जरूरत

### जिला के 157 गांवों तथा शहर सिरसा व ऐलनाबाद के 12 वार्ड को नशा मुक्त घोषित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिला पुलिस नशे के खिलाफ अपने स्तर पर लगातार अभियान चलाए हुए हैं परंतु इस अभियान की संपूर्ण सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है। उक्त विचार जिला के पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे जागरुकता अभियान के तहत शनिवार को रानियां कस्बे के वार्ड नंबर 7 व 8 में नशे के खिलाफ आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि नशा स्वस्थ समाज के लिए एक अभिशाप है, जोकि एक गंभीर चिंता का विषय है, इसलिए समाज को पूरी तरह से नशा मुक्त करने के लिए सभी लोगों को मिलकर एक बड़ा सामाजिक आंदोलन चलाने की जरूरत है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जब समाज का प्रत्येक नागरिक अपनी गली, मोहल्ले तथा गांव की पूरी जिम्मेदारी लेगा तभी हम इस अभियान में पूरी तरह से कामयाब होंगे। प्रत्येक व्यक्ति को यह प्रण लेना होगा कि न तो व स्वयं नशा करेगा और न ही अपने आस-पास के लोगों को नशा करने देगा। उन्होंने कहा कि युवा अपनी ऊर्जा खेलों में लगाएं तथा बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने मां-बाप तथा इलाके का नाम रोशन करें। नशे के खिलाफ चलाए जा रही मुहिम में आमजन आगे आकर अग्रणी भूमिका निभाए तथा और अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि नशा को समाज से पूरी तरह से नष्ट किया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने लक्ष्य का निर्धारण कर कड़ी मेहनत के बलबूते पर अपनी मंजिल प्राप्त कर अपने मां-बाप के सपनों को साकार करें। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में और तेजी लाई जाएगी तथा नशे के सौदागरों की खोज खबर लेकर उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जा रही है तथा आमजन को नशे के खिलाफ जागरूक भी किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ग्राम पंचायतों तथा आमजन के सहयोग से अब तक जिला के 157 गांवों तथा शहर सिरसा व ऐलनाबाद के 12 वार्ड को नशा मुक्त किया जा चुका हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सामाजिक तथा धार्मिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से आह्वान किया है कि गनशा बेचने वालों की सूचना निसंकोच होकर पुलिस को दें ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।



सिरसा। रानियां में शहरवासियों को नशे के प्रति जागरुक करते हुए एसपी।



जाखल। क्षेत्र में सर्च अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी।

### नशा और चोरियां रोकने के लिए पुलिस ने जाखल क्षेत्र में चलाया विशेष सर्च अभियान

**जाखल।** जिले में पंजाब सीमा से सटे जाखल क्षेत्र में नशा तस्करी और चोरी की घटनाएं रोकने को लेकर जिला पुलिस द्वारा शनिवार को विशेष सर्च अभियान चलाया गया। टोहाना डीएसपी उमेद सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस टीमों ने जाखल मंडी, बाजीगर बस्ती व गांव चूहडपूर में रहने वाले लोगों को अनैतिक कार्यों से दूर रहने की चेतावनी दी। अभियान के दौरान संदिग्ध लोगों के घरों में जाकर चैकिंग भी की गई। थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि नशा खरीदने-बेचने और चोरी के माल की खरीद-फरोख्त करने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है। पुलिस ने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की है। थाना प्रभारी ने कहा कि जो लोग नशा छोडना चाहते हैं, पुलिस उनका इलाज करवाने में मदद करेगी। उन्होंने बताया कि नशा बेचने या करने वालों की सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि थाना जाखल क्षैत्र में किसी भी आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति को पनपने नहीं दिया जाएगा और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। राधेश्याम ने कहा कि पिछले कई दिनों से पुलिस द्वारा लगातार नशा तस्करों, सप्लायरों और चोरी करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है, ताकि अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।



रतिया। कथा के दौरान पूजा अर्चना करते अतिथिगण।

# साध्वी वैष्णवी भारती ने किया भक्त व भगवान के संबंध का मार्मिक चित्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से श्रीमद् भागवत सप्ताहिक कथा ज्ञानयज्ञ के तीसरे दिवस में आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री वैष्णवी भारती ने प्रहलाद प्रसंग के माध्यम से भक्त और भगवान के संबंध का मार्मिक चित्रण किया। प्रहलाद के पिता हरिण्यकश्यिपु के द्वारा उसे पहाड़ की चोटी से नीचे फैंका गया, विषपान करवाया, मस्त हाथी के आगे डाला गया, परंतु भक्त प्रहलाद भक्तिमार्ग से विचलित नहीं हुए।

उन्हें देश समाज से कुछ लेना देना नहीं है। हमें समझना होगा कि यौवन इस बात पर निर्भर नहीं करता है कि हम कितने छोटे हैं, अपितु इस पर कि हममें विकसित होने की क्षमता एवं प्रगति करने की योग्यता कितनी है। श्रीमद् भागवत गीता युवकों का आह्वान करती है कि ब्रह्मज्ञान को प्राप्त कर अपनी ऊर्जा को पहचानें। कथा का समापन आरती के साथ हुआ। कथा में विशेष तौर से एसडीएम सुरेश कुमार, संजय मक्कड़, विद्यासागर बाघला, विज्ञान सागर बाघला, विपिन चावला, डॉ. हंसराज तनेजा, सुरेश जिंदल, सुरेश गर्ग, टोनी खन्ना, संदीप ग्रोवर, बब्बू चुघ, राजकुमार मंगला, श्याम सुंदर गोयल, हरि ओम, कवि मोंगा, हरदीप सिंह एडवोकेट, दलजीत सिंह, नरेंद्र बजाज, उमाकांत सिंगला, भोलाराम उपस्थित थे।

**इधर**

### मुसीबत भक्त के जीवन को निखारती

साध्वी ने कहा कि विपदा या मुसीबत भक्त के जीवन को निखारने के लिए आती हैं। जिस प्रकार से सोना आग की भट्टी में तपकर ही कुंदन बनता है। ठीक वैसे ही भक्ति की चमक विपदाओं के आने पर ही देदीप्यमान होती है। दूसरी बात यह कि जो भीतर की शक्ति को नहीं जानता, वह इनसे घबराते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में युवा ही बदलाव लाते हैं। युवा में अद्भुत शक्ति समाहित होती है। असंभव कार्य को संभव करना युवाओं को ही आता है। जब-जब भी समाज का कायाकल्प करने के लिए नौजवान आगे बढ़े, तब समाज ने नूतन परिवर्तन सामने पाया। संकट चाहे सीमाओं का हो या राजनैतिक इस के निवारण के लिए युवक-युवतियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया है। उन्होंने कहा कि आज युवा पथभ्रष्ट हो चुका है।

### अग्रसेन चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान बने अमित गनेरीवाला



**सिरसा।** सिरसा के महाराजा अग्रसेन कन्या विद्यालय का संचालन करने वाली महाराजा अग्रसेन चेरिटेबल ट्रस्ट के शनिवार को चुनाव हुए, जिसमें सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों का निर्विरोध चयन किया गया है। सभी पदों पर एक-एक उम्मीदवार ने नामाकंन दाखिल किया। ऐसे में सभी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। प्रधान पद के लिए अनिल कुमार गनेरीवाला, उपप्रधान के लिए भीमसेन सर्राफ, सचिव कुंजहिारी रातुसरिया, संयुक्त सचिव रतन जिंदल व कोषाध्यक्ष के लिए सुनील कुमार सर्राफ निर्विरोध चुने गए हैं। इसके साथ ही अशोक कुमार बांसल, निरंजन कुमार हिसारिया, वेदप्रकाश गोयल, सुशील कुमार बांसल, राजेंद्र कुमार गनेरीवाला, निलेश बांसल, भागीरथ गुप्ता, देवप्रकाश बांसल, सुरेंद्र कुमार व पराशर महिपाल का कार्यकारिणी सदस्य के रूप में निर्विरोध चयन किया गया है।

### शहादत दिवस पर किसान संघर्ष समिति ने रतिया में कन्वेंशन का किया आयोजन

# खेती को भी अब कम्पनियों के हवाले करना चाहती है सरकार : मनदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष सीमित द्वारा शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहादत दिवस को समर्पित ब्लॉक स्तरीय कन्वेंशन शहीद उधम सिंह धर्मशाला रतिया में हुई। कन्वेंशन की अध्यक्षता बाबा गुरबचन सिंह, प्रदीप शेखुपुर और मखन पालसर ने सयुंक्त रूप से की। मंच संचालन प्रमेन्द्र अलिका व सुखचैन सरपंच ने किया। कन्वेंशन को राज्य प्रधान मनदीप नथवान, रविंदर हिजरावां, कमल बराड़, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश हसंगा ने संबोधित किया। मनदीप नथवान ने कहा कि पिछले 18 सालो से हम शहीद भगत सिंह की विचारधारा पर काम करते हुए एक मजबूत संगठन की ओर बढ़ रहे है। उन्होंने कहा कि आज सत्ता ऐसे लोगों के पास है, जिन्हें आमजन के हितों की कोई परवाह नहीं है। आमजन मूलभूत सेवाओं से दूर है। सरकार कारपोरेट के पक्ष में नीतियां बना कर देश के संसाधनों को निजी हाथों में सौंप रही है। उन्होंने कहा कि अब सरकार खेती सेक्टर को भी कंपनियों के हवाले करना चाहती है, जिसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने किसानों से एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि अब उन्हें संगठन को मजबूत करते हुए निर्णायक आंदोलन शुरू करना होगा। मनदीप नथवान ने कहा कि आज देश को धर्म के आधार पर बांटने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से शहीद भगत सिंह के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश हसंगा ने कहा कि सरकार की तानाशाह नीतियों का विरोध जारी रहेगा।



रतिया। कन्वेंशन में भाग लेते किसान। फोटो :हरिभूमि

### नर्सिंग कॉलेज में फ्रेशर पार्टी, मोनिका मिस व नरेश मिस्टर फ्रेशर चुने

**फतेहाबाद।** गांव मानावाली स्थित आर्यभट्ट कॉलेज ऑफ नर्सिंग में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डिप्टी सीएमओ डॉ. शरद तुली ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में जनकराज, डिप्टी डायरेक्टर एमएसएमई के साथ गांव मानावाली के सरपंच प्रतिनिधि राम सिंह, गांव बनगांव के सरपंच प्रतिनिधि बलवान सिंह, गांव खाबड़ा कलां के सरपंच प्रतिनिधि बलजीत बैनीवाल और समाजसेवी अंगद ढिंगसरा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में नये बच्चों की उनके की स्वागत उज्जवल भविष्य कामना की।

### रताखेड़ा गांव में नशे के खिलाफ निकाली जागरूकता रैली

# कविता और भाषण स्पर्धा में एकता ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

▪ शहीद दविन्द्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महिला में कार्यक्रम का आयोजन

शहीद दविन्द्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया गया। शिविर की शुरूआत नियमित रूप से योग और प्रार्थना के साथ हुई। 5वें दिन स्वंयसेविकाओं ने गांव रताखेड़ा में स्वच्छता रैली निकाल कर लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया वहीं गांव की चौपाल, मंदिर के आस-पास के क्षेत्र और गलियों में सफाई करते हुए श्रमदान किया। इस दौरान कविता और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कविता प्रतियोगिता में एकता रानी बीए द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान, द्वितिय स्थान कोमल व तृतीय स्थान संयुक्त रूप से अर्शप्रित, साक्षी रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एकता रानी व द्वितीय स्थान कोमल बीए अंतिम वर्ष ने प्राप्त किया। इसके अलावा स्वंयसेविकाओं ने रताखेड़ा में सडक़ सुरक्षा जागरूकता रैली निकालकर लोगों को सडक़ सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया। स्वंयसेविकाओं के द्वारा गोद लिए गावं के पीएम श्री जीएसएसएस स्कूल रताखेड़ा में नशा मुक्ति जागरूकता नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया, स्वंससेविका एकता रानी ने देशभक्ति कविता सुनाकर विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत की।

**कार्यक्रम** सीएमके में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन, विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

# इंद्रपाल और सपना को बेस्ट एथलीट किया घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सीएमके नेशनल महाविद्यालय में 43वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन धूमधाम से संपूर्ण किया गया। वार्षिक मीट का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने ध्वजारोहण के साथ किया। प्राचार्या रंजना ग्रोवर ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षण गतिविधियों के साथ-साथ खेल विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन, प्रतिबद्धता और टीम वर्क सिखाता है। विद्यार्थी के लिए फोकस और खेल भावना होनी बहुत जरूरी है और इन्ही गुणों से वह जीवन की प्रत्येक परिस्थिति में स्थिर रहकर अपना सर्वांगीण विकास कर सकता है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी बढ़-चढक़र भाग लेना चाहिए, इससे ना केवल शारीरिक विकास होता है बल्कि स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है। महाविद्यालय की स्पोर्ट्स प्रैसीडैंट संगीता नंदा व स्पोर्टस इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों ने 3000 मीटर, 1500 मीटर, 800 मीटर, 400 मीटर, 200 मीटर, 100 मीटर रेस व रिले रेस, लॉन्ग जंप , जैवलीन थ्रो, शॉटपुट, लैमन रेस, सैक रेस, 3 टांग रेस, मटका रेस में भाग लिया। संगीता नंदा ने महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। एथलेटिक्स मीट के समापन सत्र में प्राचार्या ने विजेता खिलाडिय़ों को पुरस्कृत किया व मैडल तथा प्रमाणपत्र वितरित किए। वहीं स्पोर्ट्स प्रेसीडेंट, स्पोर्ट्स इंचार्ज व कोच को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय वर्ष का इंद्रपाल व बी.ए. द्वितीय वर्ष की सपना को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बेस्ट एथलीट घोषित किया गया। इस 43वीं स्पोर्ट्स एथलेटिक्स मीट में अंशु उप्पल, बबीता मल्होत्रा, लक्ष्मी फुटेला, डॉ. अनु कथूरिया, डॉ. आरती बंसल, डॉ. मंजू देवी, डॉ. वीरबाला शर्मा, अमृत सिंह सहित समस्त महाविद्यालय के सदस्यगणों ने प्रतिभागियों का उत्साह बढाया व विद्यार्थियों के ऊर्जावान प्रदर्शन के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।



सिरसा। प्रतियोगिता के विजेता खिलाडिय़ों को सम्मानित करते हुए प्राचार्या।

## खबर संक्षेप

### घर के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** शहर के खन्ना कॉलोनी में एक मकान के बाहर से चोर बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में मोहित कुमार ने बताया कि वह सब्जी मंडी में काम करता है। उसने बताया कि दोपहर को वह खाना खाने के लिए घर आया था। घर के पास खाली प्लॉट में उसने अपना बाइक खड़ी की। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उसने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

### बंद पड़े मकान से नकदी व आभूषण चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव भड़ोल्यांवाली में एक बंद मकान से चोर 11 हजार रुपए की नकदी सहित आभूषण चोरी कर ले गया। पुलिस को दी शिकायत में मकान मालिक रवि कुमार ने बताया कि बीती 21 मार्च की सुबह वह परिवार सहित काम करने के लिए बाहर गया हुआ था। घर के कमरों व मुख्य गेट को वह ताले लगाकर गया था। चोरों ने इसी का फायदा उठाकर घर में घुसकर कमरे के ताले तोडक़र अलमारी से 11 हजार रुपए की नगदी, सोने का हार, चांदी की पायल, सोने की कानों की बाली चोरी कर ले गए। शाम को जब वे घर वापस आए तो उसने इस घटना का पता चला।

### बाबा बिहारी नेत्रालय ने लगाया नेत्र जांच शिविर

**सिरसा।** महाराजा अग्रसेन प्राकृतिक अस्पताल में बाबा बिहारी नेत्रालय की ओर से आंखों की जांच के लिए कैंप लगाया गया। संस्था के सचिव शेखर महिपाल ने बताया कि शिविर का शुभारंभ सोसायटी के अध्यक्ष प्रवीण बागला ने किया। इस कैंप में 158 लोगों के नेत्रों की जांच नेत्र रोग विशेषज्ञा डॉ. नीरू गिजवानी की टीम द्वारा की गई और जरूरत अनुसार मरीजों को दवाईयां दी। 18 मरीजों का आप्रेशन के लिए चयन किया गया, जिनका आप्रेशन बाबा बिहारी नेत्रालय में निःशुल्क किया जाएगा।

### नकदी लेकर युवक गायब, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** जिले के भट्टू क्षेत्र के गांव शेखुपुर दड़ौली से एक युवक के लापता होने का समाचार है। युवक हिसार से पैसे लेकर चला था लेकिन वापस घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। भट्टूकलां पुलिस को दी शिकायत में गांव शेखुपुर दड़ौली निवासी रामकुमार ने कहा है कि उसका लडक़ा 27 वर्षीय संदीप हिसार में फर्नीचर का काम करता है और रोजाना सुबह गांव से हिसार जाता है।

### सतीश कालोनी में लाखों के गहने व नकदी चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने सतीश कालोनी स्थित एक मकान में घुसकर वहां से लाखों के गहनें और नकदी चोरी कर ली। घटना के समय परिवार के लोग वृन्दावन गए हुए थे। जब वह वापस लौटे तो उन्हें चोरी का पता चला। सूचना मिलते ही शहर फतेहाबाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सतीश कालोनी निवासी लक्ष्मी देवी ने पुलिस को शिकायत दी है।

---

### विभाग को जिले में 7 मण्डियों व 45 खरीद केन्द्रों पर चाहिए

# गेहूं की लोडिंग-अनलोडिंग के लिए चौथी बार टेंडर लगाया

**लेबर के 7 व ट्रांसपोर्ट के मात्र 4 ठेकेदारों ने किया आवेदन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

प्रदेश सरकार द्वारा नई पॉलिसी में मण्डियों से गेहूं की लोडिंग-अनलोडिंग के लिए नई शर्तें लागू करने के चलते गेहूं उठान को लेकर कोई एजेंसी आगे नहीं आ रही। शनिवार को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने लोडिंग-अनलोडिंग के चौथी बार टेंडर खोले तो जिले 7 मण्डियों व 45 खरीद केन्द्रों में से लेबर के 7 व ट्रांसपोर्ट के मात्र 4 ठेकेदारों ने ही निविदाएं भरी हैं। जिन ठेकेदारों ने निविदाएं भरी हैं, वह भी खरीद केन्द्रों के है। यानि कि बड़ी मण्डियों में अभी भी कोई ठेकेदार लेबर व ट्रांसपोर्ट के लिए आगे नहीं आया। यह बात भी अलग है कि आई निविदाओं में से कितने ठेकेदार सरकार की शर्तों पर खरे उतरते हैं और कितने नहीं। बता दें कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने शनिवार को चौथी बार टेंडर खोला है। जिसमें से लेबर के 7 व ट्रांसपोर्ट के 4 ही ठेकेदारों ने अपने आवेदन किए हैं। इससे पूर्व 3 बार टेंडर आमंत्रित किए गए थे लेकिन किसी भी ठेकेदार ने इनमें कोई रूचि नहीं दिखाई थी। इसका मुख्य कारण सरकार द्वारा इसको लेकर नई पॉलिसी व कड़ी शर्तें लागू करना रहा। हालांकि सरकार ने शर्तों में कुछ बदलाव कर रियायत भी दी है लेकिन ठेकेदार है कि वह 2023-24 की पॉलिसी पर काम करना चाहते हैं, नई पॉलिसी उन्हें कतई स्वीकार नहीं। मालूम हो कि जिला में गेहूं की सरकारी खरीद के लिए सात मंडियां बनाई है।



**फतेहाबाद।** खाली पड़ा अनाज मण्डी का शैड। *फोटो : हरिभूमि*

#### नहीं मिल रहे ठेकेदार

पिछली पॉलिसी में एक ठेकेदार पूरे जिले में तीन से अधिक मंडियों से उठान को लेकर आवेदन नहीं कर सकता था। वहीं गेहूं के उठान में देरी होने पर प्रति दिन के हिसाब से पांच हजार रुपये जुर्माना लगाने की शर्त शामिल है। इसके अलावा ठेकेदार या एजेंसी के पास 30 प्रतिशत ट्रक होने सहित कई शर्तें ऐसी थी, जिसे ठेकेदार मानने को तैयार नहीं है। ट्रासंपोर्ट व माल उठान करने वाले ठेकेदार इन शर्तें पर काम करने के लिए तैयार नहीं हैं। इस कारण जिलास्तर पर लगाए गए टेंडर पर किसी भी ठेकेदार ने टेंडर नहीं भरा। किसी भी एजेंसी के टेंडर न भरने के कारण गेहूं के उठान पर संकट आ सकता था। इस कारण सरकार ने इसको देखते हुए पॉलिसी में काफी बदलाव करते हुए ठेकेदार को छूट प्रदान की है, लेकिन फिर भी ठेकेदार इन शतें काम करने के लिए टेंडर नहीं भर रहे हैं। ठेकेदारों का कहना है कि सरकार वर्ष 2023-24 की पॉलिसी लागू करें। साथ ही ठेकेदारों की मांग है कि जो जुर्माना राशि है उसे भी कम किया जाए।

#### मुख्य कारण

नई पालिसी में लिफ्टिंग एजेंसी के पास 30 फीसदी ट्रक अपने होने जरूरी होने वाली शर्त को खत्म कर दिया गया है। बदलाव से पहले यदि एजेंसी के पास 30 फीसदी ट्रक अपने नहीं है तो उसे प्रति एक 1 लाख 25 हजार रुपये जमा करवाने थे। काम पूरा होने के बाद 20 प्रतिशत ट्रकों की पूरी राशि वापिस कर दी जाएगी जबकि 10 प्रतिशत ट्रकों की 75 हजार रुपये एजेंसी को विभाग वापस देगा जबकि 50 हजार रुपये नान रिफंडेबल थे। अन्य कारण भी इसके लिए जिम्मेदार है।

---

# कैंप में चलाया स्वच्छता अभियान

- बीएड कॉलेज में एनएसएस के साप्ताहिक शिविर का शुभारंभ, भोडियाखेड़ा में चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय के एनएसएस इकाई द्वारा साप्ताहिक शिविर का आयोजन किया गया है। इस कैम्प का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. जनक महेता के दिशा निर्देशन में एनएसएस प्रभारी डॉ. कमला जोशी एवं ललित चोपड़ा के द्वारा करवाया जा रहा है। एनएसएस कैम्प के पहले दिन का शुभारंभ विद्यार्थियों को व्यायाम और योगा करवाकर किया गया। प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने विद्यार्थियों को एनएसएस के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को एनएसएस से जुडऩे का आह्वान करते हुए कहा कि एनएसएस छात्रों को समाज सेवा के माध्यम से अनुभव प्रदान करता है जिससे वे सामुदायिक विकास में अपना योगदान दे सकते हैं। इस प्रकार के कैम्पों में भाग लेने से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक कौशल और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। एनएसएस में भाग लेने से मनोबल बढ़ता है।




**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एनएसएस शिविर में भाग लेते वॉलंटियर्स।

---

# संस्कृत कार्यशाला का शुभारंभ

- भाषा के व्याकरण, उच्चारण और साहित्यिक पहलुओं की जानकारी दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में शनिवार को सप्तदिवसीय संस्कृत भाषा कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा के व्याकरण, उच्चारण और साहित्यिक पहलुओं से अवगत कराना है। कार्यशाला के प्रथम दिवस पर मुख्यातिथि के रूप में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग से प्रो. अशोक कुमार मौजूद थे। उन्होंने अपने वक्तव्य में संस्कृत भाषा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसे भारतीय संस्कृति की आत्मा बताया। उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि समस्त ज्ञान-विज्ञान का आधार है। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीनिवास शास्त्री ने भी अपने विचार साझा किए। विभागाध्यक्ष डॉ. रवीद्र ने कार्यशाला कहा की कार्यशाला आगामी छह दिनों तक जारी रहेगी, जिसमें संस्कृत भाषा के व्याकरण, उच्चारण, पठन-पाठन तथा साहित्यिक दृष्टिकोण पर गहन चर्चा की जाएगी। विद्यार्थियों को संस्कृत के प्राचीन ग्रंथों और उनके व्यावहारिक उपयोग के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। इस कार्यशाला का समापन आगामी 27 मार्च को होगा, जिसमें प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को शिक्षित करने के लिए नवीन कौशल को मुख्य शिक्षक के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्होंने पहले दिन विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा की मूलभूत जानकारी प्रदान की।

#### आधुनिक समय में भी उपयोगी

संस्कृत विभाग के शिक्षक डॉ. राकेश कुमार और डॉ. सीमा ने कहा कि संस्कृत भाषा का अध्ययन केवल शास्त्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आधुनिक युग में भी उपयोगी सिद्ध हो सकती है। शोधार्थी भूपेंद्र ने भी विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित किया। कार्यशाला के प्रथम दिन लगभग 50 विद्यार्थी मौजूद थे।

---

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने धार्मिक स्थलों पर जाकर लिया आशीर्वाद

- एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने अपनी टीम के साथ शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों का दौरा किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

भाजपा के नवनियुक्त फतेहाबाद जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने आज अपनी टीम के साथ शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर जाकर आशीर्वाद लिया। शहर के प्रमुख मंदिरों, गुरुद्वारा साहिब में प्रबंधक कमेटी व संतों ने जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा का स्वागत किया।

जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने पहले माजरा रोड स्थित प्राचीन देवी मंदिर में पहुंचकर भगवान का आशीर्वाद लिया। इसके बाद जगजीवनपुरा स्थित गुरुद्वारा साहिब में पहुंचकर शीश नवाजा। गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के सचिव महेन्द्र सिंह वधवा ने उन्हें सरोपा भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

इसी कड़ी में रतिया चुंगी रोड स्थित श्री अद्वैत स्वरूप विचार आश्रम मंदिर में पहुंचकर संतों का आशीर्वाद लिया। यहां पहुंचने पर प्रमुख संत स्वामी विज्ञान प्रेमानंद, स्वामी विरक्त प्रेमानंद महाराज व संत विचार सेवानन्द ने उन्हें आशीर्वाद दिया। इसके अलावा धर्मशाला रोड पर स्थित भगवान वाल्मीकि मन्दिर में वाल्मीकि समाज ने भी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा का स्वागत किया। प्रवीण जोड़ा ने भगवान वाल्मीकि के चरणों में अपना शीश नवाजा और आशीर्वाद लिया।

दूसरी ओर एडवोकेट प्रवीण जोड़ा बार एसोसिएशन में भी पहुंचे। यहां पहुंचने पर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने एडवोकेट प्रवीण जोड़ा का स्वागत किया। उनके साथ जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य, जिला महामंत्री अशोक जाखड़, मनजीत गोस्वामी, विकास शर्मा, शम्मी ढींगड़ा, पवन सिंह, जगदीप मोंगा, निलांशी शर्मा, परमजीत बैनीवाल विशेष तौर पर मौजूद रहे।

---

# समाज हित में अपनी ऊर्जा का प्रयोग करें

- चौधरी देवीलाल राजकीय इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान, पन्नीवाला मोटा में खेल प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओढां

चौधरी देवीलाल राजकीय इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान, पन्नीवाला मोटा की निदेशक प्रधानाचार्य डॉ. मीना कुमारी ने कहा कि छात्रों को खेलों में अपनी सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने के साथ-साथ इस ऊर्जा को अपने भविष्य निर्माण व समाज कल्याण के लिए प्रयोग करना चाहिए। वे शनिवार को अपने संस्थान में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के समापन पर बतौर मुख्यातिथि विजेताओं को पुरस्कृत करने के दौरान बोल रही थी। उन्होंने इस दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागी खिलाडिय़ों के प्रयासों को सराहते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी युवा शक्ति का आगे आना निश्चित तौर पर उनकी प्रतिभा को उजागर करता है। इससे पूर्व शनिवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन क्रिकेट प्रतियोगिता में हरियाणा स्टीलर्स ने राइजिंग वॉरियर को पराजित कर पहला स्थान हासिल किया। लडक़ों के वर्ग में बैडमिंटन के एकल मुकाबले में अभिषेक कुमार ने प्रथम, यश शर्मा ने द्वितीय व आकाश कुमार ने तृतीय स्थान पाया। छात्राओं के वर्ग में एकल बैडमिंटन मुकाबले में तनुश्री आनंद प्रथम रही जबकि हिमांशी द्वितीय व सपना ने तृतीय स्थान पाया।




**सिरसा।** प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

#### खेलों में ये रहे अव्वल

लडक़ों के वर्ग में टेबल-टेनिस मुकाबले में अरिहंत कुमार प्रथम, यश द्वितीय व अंकित बिसवास तृतीय स्थान पर रहे। इसी खेल मुकाबले में छात्राओं के वर्ग में संजना ने प्रथम स्थान, हिमांशी ने द्वितीय व छिंदर ने तृतीय स्थान पाया। लडक़ों के वर्ग में चैस में यादवेंद्र शुक्ला प्रथम रहे जबकि अंकित पटेल तथा नितेश कुमार क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। इस मुकाबले में छात्राओं में दिशा सैनी अव्वल रही जबकि हिमांशी व रिंका क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही। केरम में लडक़ों के वर्ग में सकलेन हैदर, हर्षित व नमन गुप्ता क्रमशः पहले तीन स्थानों पर रहे।

---

# लाइब्रेरी के लिए वर्कशॉप का आयोजन

- सीबीएसई सहोदय द्वारा डीएवी पुलिस स्कूल में लगाई वर्कशॉप

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस स्कूल में सीबीएसई सहोदय स्कूल कॉम्पलैक्स द्वारा लाइब्रेरियन के लिए पहली बार एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में शहर के विभिन्न स्कूलों के लाइब्रेरियन ने भाग लिया। वर्कशॉप में मुख्य वक्ता के तौर पर डॉ. सीमा बत्रा ने भाग लिया और लाइब्रेरियन के साथ विभिन्न तरह की जानकारियों को सांझा किया। स्कूल प्राचार्य अरूण शर्मा ने मुख्य वक्ता और स्कूलों से पहुंचे लाइब्रेरियन का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य लाइब्रेरियन को नवीनतम पुस्तकालय प्रबंधन तकनीकों और सेवाओं से अवगत कराना था। इस कार्यशाला में पुस्तकालयाध्यक्षों ने पुस्तकालय प्रबंधन, पुस्तक संग्रह, पाठक सेवाएं और पुस्तकालय स्वच्छता जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस मौके पर शिक्षक मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** डीएवी पुलिस स्कूल में आयोजित वर्कशाप को संबोधित करते मुख्य वक्ता डॉ. सीमा बत्रा। *फोटो : हरिभूमि*

#### लाइब्रेरियन स्कूलों में ज्ञान के संरक्षक

वर्कशॉप को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ. सीमा बत्रा ने कहा कि लाइब्रेरियन स्कूलों में ज्ञान के संरक्षक हैं। उनकी भूमिका न केवल पुस्तकों को संग्रहित करना है, बल्कि छात्रों को ज्ञान की दुनिया से परिचित कराना भी है। प्राचार्य ने कहा कि हमें उम्मीद है कि यह कार्यशाला लाइब्रेरियन को अपने काम में सुधार करने में मदद करेगी। उन्होंने सीबीएसई सहोदय फतेहाबाद की अध्यक्ष सुनीता मदान व जिला कार्यशाला संयोजक नवेदिता का विशेष तौर पर आभार जताया। कार्यशाला में भाग लेने वाले लाइब्रेरियन ने कहा कि यह कार्यशाला बहुत ही उपयोगी थी और उन्हें नए विचारों और तकनीकों से अवगत कराया गया।

---

# 1008 कुंडिय महायज्ञ के लिए श्रद्धालु रवाना

- कुरुक्षेत्र में आयोजित 1008 कुंडिय जनकल्याण शिवशक्ति महायज्ञ में लेंगे हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से कुरुक्षेत्र में आयोजित 1008 कुंडिय जनकल्याण शिवशक्ति महायज्ञ के लिए बस अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम से शनिवार सुबह पांच बजे रवाना हुई। श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि जगतगुरु त्रिपुरा पीठाधीश्वर चक्रवर्ती यज्ञ सम्राट श्री श्री 1008 हरिओम जी महाराज के पावन सानिध्य में कुरुक्षेत्र में ब्रह्मा सरोवर पर 1008 कुंडिय जनकल्याण शिवशक्ति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह 1008 कुंडिय महायज्ञ 18 मार्च से आरंभ हुआ था जिसकी पूर्णाहूति 27 मार्च को होगी। उन्होंने बताया कि बगीची परिसर से 18 मार्च से प्रतिदिन सुबह पांच बजे एक बस कुरुक्षेत्र के लिए निशुल्क भेजी जा रही है। उन्होंने बताया कि इस महायज्ञ में देशभर से अनेक संत, महंत, ऋषि महात्मा भाग ले रहे हैं। उन्होंने सभी धर्मप्रमियों से आह्वान किया कि जो भी इस महायज्ञ में जाना चाहता है, वो श्याम बगीची मंदिर में पुजारी राकेश शास्त्री को अपना नाम लिखवा दे।

### शहीदी दिवस दिवस पर महाशक्ति ट्रस्ट का रक्तदान शिविर आज

**फतेहाबाद।** शहीदे-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में महाशक्ति चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 23 मार्च को फतेहाबाद के एमएम कॉलेज में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में काफी संख्या में युवा जहां रक्तदान कर शहीदों को अपनी श्रद्धांजली अर्पित किए वहीं नशे के खिलाफ समाज को जागरूक करने का संकल्प लेंगे। यह जानकारी देते हुए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव भवानी सिंह ने बताया कि एमएम कॉलेज में प्रातः 10 बजे आयोजित होने वाले इस रक्तदान शिविर में मुख्यअतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के राजनैतिक सचिव तरूण भंडारी और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा भाग लेंगे।

---

# बिंदर ने किया पार्क का कायाकल्प

- टैक्सी स्टैण्ड वाले पार्क में एक माह तक चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शहर के पुराना बस स्टैंड के समीप कार स्टैंड वाला पार्क इन दिनों पर्यावरण संरक्षण मुहिम का उदाहरण बनकर उभरा है। कार चालक का काम करने वाले बिंदर सिंह ने एक महीने की कड़ी मेहनत से जहां इस पार्क का कायाकल्प कर डाला है वहीं देशभक्ति का परिचय देते हुए इस पार्क में उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज भी स्थापित किया है। बिंदर सिंह के प्रयास ही है कि आज यह पार्क हरे-भरे पौधे से सजा हुआ है। इस पार्क की साफ-सफाई, स्वच्छता और हरियाली हर किसी को प्रभावित कर रही है। बता दें कि एक महीना पहले इस पार्क में इतनी गंदगी बनी रहती थी कि पार्क में आने वालों को नाक पर रुमाल रखना पड़ता था। बिंदर सिंह ने बताया कि प्रशासन का सहयोग मिला, नगर परिषद द्वारा पार्क की साफ सफाई करवाई गई तो उन्होंने ठान लिया कि अब इस पार्क में दोबारा गंदगी नहीं होने देंगे और पार्क को हरा भरा बनाएंगे। इसके बाद उन्होंने इस दिशा में अपने प्रयास शुरू कर दिए। बिंदर सिंह ने पार्क में कई प्रकार के फूलों के पौधे लगा करके पार्क को हरा-भरा, सुंदर बना करके हॉटस्पॉट पार्क बना दिया। पहले जहां इस पार्क में गंदगी और दुर्गंध का आलम था, अब उसी जगह पर साफ-सफाई, स्वच्छता, खिलखिलाते फूल दिखाई दे रहे हैं। लोग भी पार्क में आने पर आनंद की अनुभूति प्राप्त करते हैं वहीं पार्क को हरा भरा बनाने वाले बिंदर सिंह की भी तारीफ व प्रशंसा हो रही है।



**फतेहाबाद।** पार्क की साफ-सफाई में जुटे बिंदर सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

---

### जननायक चौधरी देवीलाल शिक्षण महाविद्यालय में एनएसएस कैंप

# स्वच्छता स्वस्थ व शांतिपूर्ण जीवन का मूल मंत्र

- डॉ. रोहताश ने कहा एनएसएस का आदर्श वाक्य मुझे नहीं बल्कि आप है यह लोकतांत्रिक जीवन का सार व्यक्त करता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जननायक चौधरी देवीलाल शिक्षण महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट की ओर से शनिवार को ईच-2025 की थीम पर सात दिवसीय विशेष कैंप का शुभारंभ हुआ। मुख्यातिथि डॉ. रोहताश ने कहा कि एनएसएस का आदर्श वाक्य मुझे नहीं बल्कि आप है यह लोकतांत्रिक जीवन का सार व्यक्त करता है।

राष्ट्रीय सेवा योजना का समग्र उद्देश्य शिक्षा और समुदाय की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि एनएसएस केवल साफ, सफाई का ही कार्य नहीं करता अपितु इसका क्षेत्र विस्तृत है।

एनएसएस से जुड़े बच्चे स्वावलंबी बनते हैं। उन्होंने कहा कि खुद आत्मनिर्भरता के सिद्धांत पर चलकर ही स्वयंसेवक दूसरों की सेवा कर पाता है।




**सिरसा।** एनएसएस शिवरि के दौरान जागरुकता रैली निकालते विद्यार्थी।

#### समाजसेवा का संकल्प लिया

महानिदेशक डॉ. जयप्रकाश ने विद्यार्थियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और जागरूकता के सिद्धांत पर कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एनएसएस वॉलंटियर्स एनएसएस शिविर के दौरान पूरी लगन से समाज की सेवा करेंगे और ग्रामीणों को विभिन्न जानकारियां भी देंगे। उन्होंने कुशलता, साहस, धैर्य और सहयोग की भावना पर विशेष बल दिया। मनीषा गोदारा ने कहा कि अध्यापकों के लिए एनएसएस का विशेष महत्व है। जो आप यहां सीख कर जाएं उसको कक्षा में लागू भी करें तभी आपकी सार्थकता सिद्ध होंगी। भारतीय संस्कृति एवं मूल्यों पर आधारित शिक्षा होनी चाहिए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. विरेंद्र कुमार, डॉ. मोहित कुमार, प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. सतनारायण, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. सुषमा, डॉ. कंवलजीत कौर, डॉ. निशा, मदनलाल बेनीवाल, डॉ. राजपवन, शालिनी, प्रीति व विद्यार्थीगण मौजूद थे।